आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 12.10.2025**

**मुख्य समाचारः—**

1— रायपुर में कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस शुरू—मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर सीधे होंगे जिम्मेदार।

2— मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को प्रधानमंत्री आवास योजना वन प्वॉइंट ओ के शेष बचे मकानों को इकतीस दिसंबर तक पूरा करने को कहा।

3— केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों को कम करके किसानों को राहत दी है।

**और**

4— महाभारत के एआई संस्करण का पच्चीस अक्टूबर को वेव्स ओटीटी पर होगा डिजिटल प्रीमियर—दो नवंबर से शुरू होगा दूरदर्शन पर प्रसारण।

----------------

**मुख्यमंत्री—कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस—01**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज से मंत्रालय में शुरू हुई कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के तहत प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों से चर्चा की। बैठक में सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के नए मानक

तय किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की नीतियों और योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना ही सुशासन का वास्तविक अर्थ है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पंद्रह नवंबर से शुरू होने जा रही धान खरीदी की तैयारियां जल्द पूरी करने को कहा। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर सीधे जिम्मेदार होंगे। श्री साय ने कहा कि प्रभारी सचिव जिलों में धान खरीदी प्रक्रिया की लगातार निगरानी करें। साथ ही संवेदनशील केंद्रों पर भी नजर रखें। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि बाहर से धान की अवैध आवाजाही को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति वाले इलाकों में विशेष शिविरों के माध्यम से किसानों का शत–प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को धान खरीदी की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में निर्धारित समय–सीमा के भीतर सभी पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कमिश्नरों से कहा कि बस्तर और सरगुजा संभाग में विशेष रूप से योजना की प्रगति की समीक्षा की जाए।

## मुख्यमंत्री–कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस–02

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचे। उसके बाद मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने

निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों में शत–प्रतिशत प्रसव सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने बस्तर संभाग में मलेरिया उन्मूलन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ को "मलेरिया–मुक्त राज्य" बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अंतर्गत सभी पात्र वृद्धजनों के पंजीयन और कार्ड निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रॉपआउट शून्य करने और सकल नामांकन अनुपात को शत–प्रतिशत करने का लक्ष्य किसी भी हालत में पूरा होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिले की सराहना करते हुए कहा कि वहां स्थानीय युवाओं की मदद से गोंडी भाषा में शिक्षण से बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है और ड्रॉपआउट घटा है। उन्होंने सभी जिलों को ऐसे नवाचार अपनाने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इकतीस दिसंबर तक सभी विद्यार्थियों की आधार–बेस्ड अपार आईडी बनाकर रजिस्ट्रेशन पूरा किया जाए। इसी आधार पर विद्यार्थियों को गणवेश, किताबें और छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में "मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान" चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों का सामाजिक अंकेक्षण कर ग्रेडिंग होगी।

## <u>मुख्यमंत्री–कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस–03</u>

बैठक में मुख्यमंत्री ने पीएम जन–मन योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर पांच विशेष पिछड़ी जनजातियों के ग्राम विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने के काम तेजी से पूरा करें।

श्री साय ने पीएम जन–मन योजना के कार्यों को इकतीस मार्च तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को प्रधानमंत्री आवास योजना वन प्वॉइंट ओ के शेष बचे मकानों को इकतीस दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जो आवास पूरे हो चुके है, उन्हें अगले दो महीने में हितग्राहियों को सौंपा जाए।

वहीं, मुख्यमंत्री ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और आदि कर्मयोगी अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर कार्य करते हुए पहला स्थान हासिल किया है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत किए गए कार्यों के भुगतान को लंबित रखने पर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के तहत हुए कार्य के भुगतान में विलंब होने पर नाराज़गी जताई।

कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव विकासशील, सभी विभागीय सचिव, और संभागायुक्त भी शामिल हुए।

<u>शिवराज सिंह चौहान–जीएसटी</u>

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के साथ, सरकार ने कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों को कम करके किसानों को राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

**कृषि यंत्रों पर जीएसटी की दरों को कम करके किसानों को बड़ी राहत दी है। छोटे–छोटे ट्रैक्टर पर 23 हजार रुपये बचेंगे। 35 हॉर्स पावर पर के ट्रैक्टर पर लगभग 43 हजार रुपये बचेंगे और बड़े ट्रैक्टर पर भी लगभग 65 हजार रुपया तक बचेंगे। अलग–अलग कृषि के यंत्र सस्ते हुए हैं। प्रधानमंत्री जी हम आभारी हैं, किसानों का हित आपके लिए सर्वोपरि है।**

## अरूण साव–समीक्षा बैठक

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दीपावली के पहले सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों को वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री साव ने आज नवा रायपुर में नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय, संचालनालय और सूडा की टीम को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए लेटलतीफी से बचने को कहा। श्री साव ने कहा कि सभी कार्य समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने गोधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। बैठक में नालंदा परिसरों, अटल परिसरों और बजट में शामिल अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## शिक्षा मंत्रालय–यूपीआई

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्कूलों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क एकत्र करने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना है। राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और एनसीईआरटी, सीबीएसई, केवीएस और एनवीएस जैसी स्वायत्त संस्थाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए यूपीआई अपनाने के लिए बल दिया है। यह कदम विधायी, नीतिगत और संस्थागत सुधारों के माध्यम से 'जीवन और स्कूली शिक्षा में आसानी' को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

## कर्मचारी फेडरेशन–महंगाई भत्ता

छत्तीसगढ़ प्रदेश कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन ने राज्य सरकार से केंद्र के समान तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग की है। फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि कर्मचारियों पर बढ़ती महंगाई का सीधा असर पड़ रहा है। फेडरेशन ने कहा कि यदि राज्य सरकार जुलाई दो हजार पच्चीस से लंबित तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत करती है, तो प्रदेश के लाखों कर्मचारी और पेंशनरों को राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि इससे पहले केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को जुलाई दो हजार पच्चीस से तीन प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है। इसके साथ ही केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता अंठावन प्रतिशत हो गया है।

## वेव्स ओटीटी–महाभारत

प्रसार भारती और कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क ने आज की पीढ़ी के लिए महाभारत की पुनर्कल्पना करने के लिए साझेदारी की है। कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क ने भारत के सबसे प्रसिद्ध महाकाव्य 'महाभारत' के एक अभूतपूर्व एआई–आधारित पुनर्कल्पना के प्रसारण की घोषणा की है। इस श्रृंखला का विशेष डिजिटल प्रीमियर पच्चीस अक्टूबर को वेव्स ओटीटी पर होगा। इसके बाद दो नवंबर से हर रविवार सुबह ग्यारह बजे दूरदर्शन पर इसका प्रसारण किया जाएगा। यह श्रृंखला भारत और दुनियाभर के डिजिटल दर्शकों के लिए वेव्स ओटीटी के माध्यम से एक साथ उपलब्ध होगी।

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि प्रसार भारती हमेशा से ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक महत्व की गाथाओं को हर भारतीय घर तक पहुंचाता रहा है। लॉकडाउन के दौरान मूल महाभारत के पुनः प्रसारण ने हमें याद दिलाया कि ये कथाएं परिवारों और पीढ़ियों को कितनी गहराई से एक साथ जोड़ती हैं।

**<u>रेलवे–स्वच्छता अभियान</u>**

स्वच्छ रेल–स्वच्छ भारत अभियान के तहत कल रायपुर रेलमंडल में ''स्वच्छ नीर'' थीम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी प्रमुख रलवे स्टेशनों, कार्यालयों, कॉलोनियों और अस्पतालों में पेयजल की गुणवत्ता और व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि रेलवे द्वारा एक से पंद्रह अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>